# F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED

**CIN: L65100DL1993PLC053936**
**Website: www.fmecinternational.com**
**Email:fmecinternational@gmail.com**
**Tel: 01149954225**

Date: 30.05.2023

To
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalai Street, Mumbai-400001
(Scrip Code: 539552)

**Subject: Submission of Advertisement Clipping of Extract of the Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2023**

**Sir/Madam,**

In terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of the advertisement clipping of Extract of the Financial Results of the Company for the quarter and year ended 31st March, 2023.

**You are requested to take on record the above information and acknowledge the same**.

Thanking You,

**For F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED**

ARUN KUMAR SHARMA
Digitally signed by ARUN KUMAR SHARMA
Date: 2023.05.30 14:58:10 +05'30'

**Arun Kumar Sharma**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl.:** As Above

# बाबा बागेश्वर का प्रवचन सुन रुखसाना बनी 'रुक्मिणी', हिंदू प्रेमी के साथ की शादी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एक मुस्लिम लड़की ने हिंदू लड़के से शादी की। लड़की ने शादी के लिए पहले इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म स्वीकार किया फिर अपने प्रेमी के साथ शादी की। लड़की का नाम रुखसाना था जो अपने प्यार को पाने के लिए रुक्मिणी बन गई। मामला बिहार के वैशाली जिले का है। दरअसल चार साल पहले मुजफ्फरपुर के गिजांस निवासी नौशिन परवीन उर्फ रुखसाना की मुलाकात जयपुर में वैशाली के रहने वाले रोशन कुंवर से हुई थी। दोनों जयपुर पढ़ाई करने के लिए गए थे और एक कॉलेज में थे। वहां पहले रुखसाना और रोशन में दोस्ती हुई फिर दोस्ती जल्दी ही प्यार में बदल गई। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई और शादी करने का फैसला किया। इसके लिए दोनों ने अपने परिवार वालों से बात की। रोशन ने किसी तरह अपने परिवार वालों को राजी कर लिया लेकिन रुखसाना के घर वाले नहीं माने। तब रुखसाना ने सनातन धर्म स्वीकार करने के बाद रोशन से शादी की बात कही।

*4 साल पहले नौशिन परवीन उर्फ रुखसाना की मुलाकात जयपुर में वैशाली के रोशन कुंवर से हुई थी*

*रुखसाना और रोशन में दोस्ती हुई फिर दोस्ती जल्दी ही प्यार में बदल गई, शादी करने का फैसला किया*

### शादी से पहले हुआ रुखसाना का शुद्धिकरण



दोनों मंदिर के पुजारी से मिले और शादी कराने के लिए अनुरोध किया। तब मंदिर के पुजारी ने पूरे विधि विधान के साथ रुखसाना का शुद्धिकरण कराया। रुखसाना को 'रुक्मिणी बनने से पहले दूध, दही, घी, गोबर के साथ पंडित ने पूजा कराई। इसके बाद भष्म स्नान भी कराया गया। रुखसाना ने नारायणी नदी को साक्षी मानकर सनातन धर्म को स्वीकार किया और पूरी जिंदगी हिंदू धर्म के आचरण को पालन करने का संकल्प लिया। इसके बाद रुक्मिणी बनी रुखसाना का हल्दी का रस्म हुआ, मंगल गीत गाए। शादी के सभी विधि विधान कराए गए। फिर रुखसाना ने रोशन के साथ महादेव की परिक्रमा कर सात फेरे लिए और सात जन्मों तक साथ रहने का वचन लिया।



### बाबा बागेश्वर के प्रवचन से प्रेरणा मिली

सनातन स्वीकार करने को लेकर रुक्मिणी बनी रुखसाना ने कहा कि बाबा बागेश्वर से उसे हिंदू धर्म स्वीकार करने की प्रेरणा मिली। उनके प्रवचन सुनने के बाद मुझे सनातन धर्म में शामिल होने की इच्छा हुई। रुखसाना ने कहा कि जयपुर में पढ़ाई के दौरान मुझे रोशन से प्यार हुआ। जिसके बाद हमने शादी करने का फैसला किया। मैं इस्लाम धर्म से थी। लेकिन मुझे सनातन धर्म पसंद था। वही रोशन ने कहा कि रुखसाना ने अपनी मर्जी से हिंदू धर्म को स्वीकार किया है। हमदोनों इस शादी से खुश हैं।

## खबर संक्षेप

### मणिपुर में फिर हिंसा, 5 की मौत हमलावर को मिलिटेंट बताया



**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर 3 मई से हिंसा जारी है। रविवार को फिर राजधानी इंफाल से लगे सेरौ और सुगनू इलाके में हिंसक झड़प हुई। इसमें 1 पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हुए हैं। राज्य में हिंसा के चलते अब तक करीब 80 लोगों की जान गई है। 26 दिन से जारी हिंसा के बीच पुलिस ने रविवार तक 40 लोगों का एनकाउंटर भी किया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने इन एनकाउंटर की पुष्टि की है। उन्होंने एनकाउंटर में मारे गए लोगों को मिलिटेंट बताया है।

### लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट में भीषण आग, 12 फायर ब्रिगेड बुझाने पहुंची



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाजपत नगर की सेंट्रल मार्केट में भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई थी। आग मार्केट में स्थित दुकान में सोमवार को लगी थी। सूचना पाते ही दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई जिन्होंने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया है। आग लगने के कारण मार्केट में भागभागम का माहौल बन गया था। बहरहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है हालांकि आग लगने से दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। फायर ब्रिगेड देर रात तक आग बुझाने की कोशिश करती रहीं। आग से कितना के नुकसान हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका था।

### उद्घाटन में शामिल होने पर जेडीयू का राज्यसभा उप सभापति पर हमला



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पर पार्टी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किए जाने के बावजूद उसमें हिस्सा लेने पर सोमवार को निशाना साधा। नीरज ने हरिवंश के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की निंदा करते हुए कहा कि यहां तक कि आपके सभापति, माननीय उप राष्ट्रपति तक मौजूद नहीं थे। पत्रकारिता में आपके योगदान के फलस्वरूप राज्यसभा भेजा था, जब देश में संसदीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय लिखा जा रहा था तब रसूखदार पद के लिए अपने जमीर से समझौता कर लिया।

### मोहम्मद इकबाल के अध्याय को दिल्ली विश्वविद्यालय हटाएगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की बैठक 26 मई को हुई थी। इस बैठक में प्रस्ताव पारित करके उर्दू के मशहूर शायर और कट्टर इस्लामिक धार्मिक विद्वान मोहम्मद इकबाल पर सामग्री को राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम से हटाने का फैसला किया गया। इकबाल को बीए में राजनीति विज्ञान के अध्याय मॉडर्न इंडियन पॉलिटिकल थॉट में पढ़ाया जाता था। अब इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद को लगानी है, जिसकी बैठक 9 जून को होनी है। वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह ने कहा, अपने राष्ट्र नायकों के बारे में जानना चाहिए।

## विपक्षी दलों की 12 जून को होने वाली बैठक में हो सकता है बड़ा फैसला

# नीतीश के फॉर्मूले पर कांग्रेस राजी, लोस चुनाव के लिए पेश किया प्लान '450'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

**असल में 2024 में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की तैयारी जोरों पर है। इस बैठक से पहले पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो करीब 400 से 450 सीटों पर विपक्ष भाजपा के खिलाफ अपना संयुक्त उम्मीदवार उतार सकता है।**

संयुक्त विपक्ष को लेकर नीतीश कुमार के फॉर्मूले पर कांग्रेस भी राजी होती नजर आ रही है। विपक्षी एकता की बात करते हुए कांग्रेस ने प्लान '450' पेश किया है। असल में 2024 में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर 12 जून को विपक्षी दलों की बैठक भी होने वाली है। इस बैठक से पहले पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि अगर सबकुछ ठीक रहा तो करीब 400 से 450 सीटों पर विपक्ष भाजपा के खिलाफ अपना संयुक्त उम्मीदवार उतार सकता है। चिदंबरम ने कहा कि सभी गैर-भाजपाई दलों को एक साथ लाने की तैयारी चल रही है। चिदंबरम देश के सामने उन प्रमुख मुद्दों को उजागर करने के कांग्रेस के अभियान के तहत मुंबई में थे, जिनसे मोदी सरकार नौ साल के शासनकाल में निपटने में विफल रही है। पूर्व गृहमंत्री आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। चिदंबरम ने कहा, हमारी पार्टी का मकसद सभी गैर भाजपाई दलों को एक साथ लाने का है। अगर ऐसा हुआ तो इस बात की पूरी संभावना है कि 400 से 450 सीटों पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक संयुक्त उम्मीदवार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल यह केवल सोच तक ही सीमित है। कर्नाटक फार्मूला हर जगह नहीं चल सकता।

**चिदंबरम ने कहा कि सभी गैर-भाजपाई दलों को एक साथ लाने की तैयारी चल रही है**

**फिलहाल यह केवल सोच तक ही सीमित है, कर्नाटक फार्मूला हर जगह नहीं चल सकता**

### विपक्षी दलों का फिलहाल कार्य प्रगति पर



चिदंबरम ने कहा कि विपक्षी दल 12 जून को पटना में मिल रहे हैं। फिलहाल कार्य प्रगति पर है, लेकिन ऐसा होगा। उन्होंने कहा कि दिन बीतने के साथ विपक्ष को इस बात का एहसास होने लगा है कि भाजपा के खिलाफ एक संयुक्त विपक्ष बहुत जरूरी है। गौरतलब है कि हाल में जनता दल यूनाइटेड के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गैर-भाजपाई दलों को पटना में मीटिंग के लिए आमंत्रित किया था।

### एकमात्र कांग्रेस विधायक टीएमसी में शामिल

पश्चिम बंगाल में सागरदिघी का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र कांग्रेस विधायक बायरन बिस्वास ने सोमवार को बंगाल में ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ज्वॉइन कर ली है। बिस्वास के टीएमसी में शामिल होने की पिछले तीन महीने से अटकलें लगाई जा रही थी। बिस्वास ने टीएमसी ज्वाइन कर कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका दिया है। पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर के धाटोला में आयोजित समारोह में वे शामिल हो गए।

**ये भी कहा**

### चीन के मुद्दे पर चर्चा नहीं करने दी जा रही

चिदंबरम ने भाजपा नीत केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज पड़ोसी देश चीन की आक्रामकता हमारे लिए सबसे बड़ा मुद्दा है। लेकिन इसको लेकर हमें संसद में चर्चा ही नहीं करने दी जा रही है। इससे पहले सभी युद्ध को लेकर सदन में चर्चा हुई है, लेकिन यह पहली बार है जब सुरक्षा के मसले पर बहस नहीं करने दी जा रही है। चिदंबरम ने जोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार चीन को भारतीय सीमा में घुसने से रोकने में नाकाम रही है। पी चिदंबरम ने कर्नाटक में कांग्रेस जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि आने वाले विधानसभा चुनावों में इसे उदाहरण के तौर पर लिया जाएगा।

**भ्रष्टाचार का मामला**

# रोल्स-रॉयस के अफसरों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए हॉक 115 अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमान की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप में ब्रिटिश एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी रोल्स-रॉयस पीएलसी, इसकी भारतीय इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों और शस्त्र विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने मामले में छह साल की जांच पूरी होने के बाद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 420 (धोखाधड़ी) और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत रोल्स-रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स, कथित हथियार आपूर्तिकर्ता सुधीर चौधरी और उनके बेटे भानु चौधरी तथा ब्रिटिश एयरोस्पेस सिस्टम्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अभी रोल्स रॉयस से इस पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी है। अधिकारियों ने बताया कि 2017 में एक ब्रिटिश अदालत ने भी समझौते को अंजाम देने के लिए कंपनी द्वारा कथित रूप से बिचौलिये को शामिल करने और कमीशन का भुगतान करने का जिक्र किया था।

### क्या है आरोप

यह आरोप है कि 2003-12 के दौरान साजिश में शामिल इन आरोपियों ने 73.42 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की लागत से 24 हॉक 115 एजेटी की खरीद के लिए अज्ञात लोक सेवकों के साथ मिलकर 'अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग' किया था। इसके अलावा, उन्होंने निर्माता लाइसेंस शुल्क के नाम पर 30.82 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 75 लाख अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि के लिए रोल्स रॉयस को आपूर्ति की गई सामग्री के बदले हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के 42 अतिरिक्त विमानों के 'लाइसेंस निर्माण' की अनुमति दी।

**चिदंबरम को सीतारमण का जवाब**

# आरबीआई के निर्णय पर संदेह करना अच्छा नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आरबीआई ने हाल ही में दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेने का ऐलान किया था। साथ ही रिजर्व बैंक ने यह भी कहा था कि ये मुद्रा वैध परिचालन में बनी रहेगी। इन नोटों को वापस लेने के बाद विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। इस बीच, कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने भी इसे लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि 2000 रुपए के नोट की शुरुआत और उसे वापस लेने के तमाशे ने भारतीय मुद्रा की अखंडता और स्थिरता पर संदेह पैदा किया है। उनकी टिप्पणी पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया है। निर्मला सीतारमण ने पूर्व वित्तमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में केंद्रीय बैंक के निर्णय पर आक्षेप लगाना पूर्व वित्त मंत्री को शोभा नहीं देता। वह मंत्रालय के साथ रहे हैं।

## आईसीजी ने मछुआरों का जीवन बचाया



**रामनाथपुरम।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रामनाथपुरम जिले में मंडपम के पास फंसे मछुआरों को बचा लिया। ये मछुआर मछली पकड़ने गए थे और समुद्र में फंस गए थे। आईसीजी को सूचना मिली तो दल ने पहुंकर उन्हें बचा लिया।

**शिंदे परिवार पर अभद्र टिप्पणी: ठाणे।** ठाणे पुलिस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के परिवार को कथित तौर पर बदनाम करने के लिए राजनीतिक संगठन 'धर्मराज्य पक्ष' के एक सदस्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कर्नाटक के 32 मंत्रियों में से 31 करोड़पति, 24 के खिलाफ केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक कैबिनेट में 32 मंत्रियों में 31 मंत्री करोड़पति हैं, इनमें से 24 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सबसे अधिक 1,413.80 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों की औसत संपत्ति 119.06 करोड़ रुपए आंकी गई है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक नए कर्नाटक कैबिनेट में सबसे कम घोषित संपत्ति वाले मंत्री मुधोल (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा हैं, जिनकी संपत्ति 58.56 लाख रुपए है। बेलगाम निर्वाचन क्षेत्र से लक्ष्मी आर. हेब्बलकर, कैबिनेट में एकमात्र महिला हैं। उन्होंने 13 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति और 5 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी घोषित की है।

### मंत्रिमंडल में अब हो गए 34 मंत्री

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 18 (56 फीसदी) मंत्रियों ने अपनी उम्र 41 से 60 साल के बीच बताई है। जबकि 14 (44 फीसदी) मंत्रियों ने अपनी उम्र 61 से 80 साल के बीच बताई है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके डिप्टी शिवकुमार और 8 अन्य के मंत्रियों के रूप में शपथ लेने के एक हफ्ते बाद, राज्य सरकार ने 24 नए मंत्रियों को शामिल किया था जिससे कर्नाटक मंत्रिमंडल में संख्या 34 पर पहुंच गई।

## पांच राज्यों के साथ ही कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की आहट!

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के साथ ही कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के मुखिया गुलाम नबी आजाद रैलियां शुरू कर चुके हैं। इन रैलियों में वह धारा 370 हटाने से पहले के कश्मीर की मांग करने लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला भी चुनाव कराने के साथ पाकिस्तान से बात करने का विवादित बयान देने लगे हैं।


**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
CIN-L65100DL1993PLC053936
पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001, भारत
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com Contact: 011-49954225
31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अअंकेक्षित/अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2023 (समीक्षाकृत) | समाप्त तिमाही 31.03.2022 (समीक्षाकृत) | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 40.06 | 16.40 | 104.62 | 52.67 |
| कर से पूर्व लाभ | 18.49 | (0.20) | 33.18 | 13.69 |
| कर के बाद लाभ | 9.89 | (3.68) | 24.58 | 10.21 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 9.89 | (3.68) | 24.58 | 10.21 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 310.07 | 310.07 | 310.07 | 310.07 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | 57.44 | 32.86 |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) बेसिक (रु.) | 0.3189 | (0.1188) | 0.7926 | 0.3292 |
| डायल्यूटिड (रु.) | 0.3189 | (0.1188) | 0.7926 | 0.3292 |

टिप्पणी : उपरोक्त 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का एक सार है, जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 29.05.2023 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये, जोकि वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये।
बोर्ड के आदेशानुसार एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
(अपूर्व बंसल) प्रबंध निदेशक
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2023
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092



**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकदराबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205, आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com
31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(रु. लाखों में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2022 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 0.58 | 0.47 | 0.66 | 0.61 | 1.53 | 1.12 | 2.63 | 9.59 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 30.30 | (18.49) | (29.00) | (75.67) | (43.29) | (144.20) | (557.93) | (685.33) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 30.30 | (18.49) | (29.00) | (75.67) | (43.29) | (144.20) | (557.93) | (685.33) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 30.30 | (18.07) | (29.00) | (75.25) | (43.29) | (143.78) | (557.93) | (684.91) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/ (हानि) और कर के बाद अन्य व्यापक आय] | 30.30 | (18.02) | (28.80) | (75.16) | (48.07) | (135.18) | (529.07) | (676.25) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | (1,429.40) | (1,400.60) | | | (24,958.84) | (24,429.77) |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक | 0.04 | (0.02) | (0.04) | (0.10) | (0.06) | (0.18) | (0.71) | (0.91) |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड | 0.04 | (0.02) | (0.04) | (0.10) | (0.06) | (0.18) | (0.71) | (0.91) |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 मार्च 2023 को समाप्त तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स और कम्पनी की वेबसाइट : www.samtexfashions.com पर उपलब्ध हैं।
कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/- अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2023